# हारे को जिताने आ जाओ रोते को हसाने आ जाओ भजन लिरिक्स

हारे को जिताने आ जाओ,
रोते को हसाने आ जाओ,
गिरते को उठाने आ जाओ,
आजा प्रेमी बुलाये तेरा,
ओ आजा सांवरिया,
तू आजा सांवरिया,
प्रीत मेरी साँची है,
निभा जा सांवरिया।bd।

---

दुनिया ने ठुकराया मैं तेरे दर आया,
जो तुम ठुकराओगे कहाँ जाऊँगा मैं,
सपना मेरा तू है अपना मेरा तू है,
नहीं तुम अपनाओगे टूट जाऊँगा मैं,
मेरा तुझसे बस नाता है,
मैं याचक हूँ तू दाता है,
हारे का साथ निभाता है,
फिर क्यों ना साथ निभाए मेरा,
ओ आजा सांवरिया,
तू आजा सांवरिया,
प्रीत मेरी साँची है,
निभा जा सांवरिया।bd।

---

नज़रें मेरी ओर करो अरे कुछ तो गौर करो,
मतलब का जग सारा ये सताए मुझे,
भटका हूँ राहों में मुझे थाम लो बाहों में,
बेचैनी में भी चैन आ जाए मुझे,
मंज़िल दिखलाने आ जाओ,
बिगड़ी को बनाने आ जाओ,
मेरी लाज बचाने आ जाओ,
आ जा 'गोलू' बुलाये तेरा,
ओ आजा सांवरिया,
तू आजा सांवरिया,
प्रीत मेरी साँची है,
निभा जा सांवरिया।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारे को जिताने आ जाओ,
रोते को हसाने आ जाओ,
गिरते को उठाने आ जाओ,
आजा प्रेमी बुलाये तेरा,
ओ आजा सांवरिया,
तू आजा सांवरिया,
प्रीत मेरी साँची है,
निभा जा सांवरिया।bd।

**Singer – Ashish Srivastava**
**Upload – Diwakar Pandey**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com